हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 06 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==============================================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेटफ्लिक्स के उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी टेड सेरेन्डोस के साथ कल नई दिल्ली में मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत में कहानी कहने की समृद्ध परंपरा रही है और देश में ऐसी कई रचनाधर्मी प्रतिभाएं हैं जो भारत को सामग्री सृजन का वैश्विक केन्द्र बनाने में सहायक हो सकती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में लोग भारत के बारे में जानना चाहते हैं।

हमें एक साथ मिलकर क्रिएट ऑन इंडिया मूमेंट की शुरूआत करे। हम भारत से जुड़ी स्टोरिस को, भारत की सांस्कृति को, हेरिटेज और ट्रेडिशन को पूरी दुनिया से शेयर करे। अब ऐसा कंटेंट क्रिएट करे जो आपके साथ ही भारत को भी ज्यादा से ज्यादा लाइक्स दे। इसके लिए हमें ग्लोबल ऑडियंस को भी इंगेज करना होगा। दुनिया के नौजवानों के साथ जुड़ना होगा। आज पूरी दुनिया के लोग भारत के बारे में जानना चाहते हैं।

नेटफ्लिक्स के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने को लेकर चर्चा हुई। नेटफ्लिक्स ने नेटफ्लिक्स इंडिया स्टोरी टेलिंग इनिशिएटिव शुरू करने की घोषणा भी की है।

=========================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि हरियाणा के किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की उड़ान संसाधनों की कमी के कारण नहीं रुकने दी जाएगी। शिक्षा में समान अवसर, पारदर्शी व्यवस्था और योग्यता का सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

मुख्यमंत्री अंबाला में आयोजित 'उत्कृष्ट शिक्षा पुरस्कार -2026' समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का युवा पूरे आत्मविश्वास के साथ कह सकता है कि उसे अपनी मेहनत पर भरोसा है, न कि सिफारिश या खर्ची-पर्ची पर। प्रतिभा का सम्मान और पारदर्शिता ही नए हरियाणा की पहचान बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों का सम्मान उनकी मेहनत का प्रतिफल है।

उन्होंने अंबाला जिले के 70 से अधिक विद्यालयों के 10वीं, 12वीं तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 250 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

श्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम का आयोजन करने वाली पूजा फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने लगातार प्रतिभाओं को सम्मानित करने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। प्रतिभाओं का सम्मान करना राष्ट्र निर्माण की सच्ची सेवा है।

========================

हरियाणा के स्थानीय निकाय एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने अधिकारियों को प्रदेश के प्रत्येक जिले में वेस्ट टू वंडर पार्क विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

श्री गोयल अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा के लिए कल स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों की सब्जी मंडियों में बहुमंजिला पार्किंग, पुराने नगर निगम कार्यालयों को वाणिज्यिक परिसरों के रूप में विकसित करने तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण क्षेत्रों और गुरुग्राम के पुराने इलाकों एवं कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ करने के लिए कार्ययोजनाएं तैयार करने के भी निर्देश दिए।

इसके अलावा बैठक में फरीदाबाद में अरावली गोल्फ कोर्स को अपग्रेड करने, बहुमंजिला पार्किंग एवं व्यापारिक परिसर विकसित करने, गोंची ड्रेन एवं बुढिया नाले की कायाकल्प करने को लेकर कार्य योजना बनाने के लिए अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

मंत्री ने बताया कि गुरुग्राम में बन रहे वेस्ट टू वंडर पार्क की तर्ज पर प्रदेश के अन्य नगर निकायों में भी ऐसे पार्क बनाए जाएंगे, जिस से शहरों से निकलने वाले अपशिष्ट का पुनः उपयोग होगा और नागरिकों को आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होंगे।

श्री गोयल ने कहा कि पंचकूला के नग्गल में बनाए जाने वाले खेल परिसर तथा जगाधरी के पुराने नगर निगम कार्यालय में शॉपिंग परिसर, सम्मेलन हॉल बनाने तथा पानीपत की आईओसीएल में बेकार पानी को उपचारित करने के लिए सीवेज उपचार संयंत्र बनाने को लेकर भी प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

==========================================================